प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 23.03.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. भूटान के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित किय गये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी : कहा– यह पुरस्कार एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों का सम्मान है।
2. निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव, स्वतंत्र और निष्पक्ष सम्पन्न कराने के लिये दो हजार एक सौ पर्यवेक्षक किये तैनात।
3. प्रदेशभर में मतदाता जागरूकता अभियान का सिलसिला जारी : लोकसभा चुनाव में मत प्रतिशत बढ़ाने के लिये लोगों को किया जा रहा है जागरूक।
4. होली के दौरान प्रदेशवासियों को मिलेगी 24 घंटे बिजली की निर्बाध आपूर्ति।

और

5. उत्तर भारत का सुप्रसिद्ध पूर्णागिरी देवी मेला 26 मार्च से शुरू हो रहा है : तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिये उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम 20 नई बसों का करेगा संचालन।

———————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भूटान के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो से सम्मानित किया गया है। भूटान दौरे पर गये प्रधानमंत्री श्री मोदी को वहां

के नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने कल थिम्पू में यह पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि यह सम्मान उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि भारत और एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों का सम्मान है।

इस बीच प्रधानमंत्री मोदी ने घोषणा की, कि भारत, भूटान को अगले पांच वर्षों में दस हजार करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। श्री मोदी ने भूटान नेतृत्व को आश्वासन दिया कि भारत, भूटान के साथ खड़ा रहेगा और दोनों देश आपसी सम्पर्क, आधारभूत अवसंरचना, व्यापार और ऊर्जा, उद्योग क्षेत्रों में अधिक सहयोग की संभावनाएं तलाश करेंगे।

इस दौरान दोनों देशों के बीच ऊर्जा, व्यापार, डिजिटल कनेक्टिविटी, अंतरिक्ष और कृषि क्षेत्र में समझौतों और रेल संपर्क संबंधी समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। प्रधानमंत्री ने कहा कि समझौता ज्ञापनों और समझौतों से भारत–भूटान संबंधों को गति मिलेगी।

———————

निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनावों की तैयारी कर रहा है। स्वतंत्र और निष्पक्ष च्‌नाव के लिए आयोग ने दो हजार एक सौ पर्यवेक्षकों की टीम तैनात की है। यह पर्यवेक्षक देशभर में जिला चुनाव अधिकारियों और रिटर्निंग अधिकारियों पर निगरानी रखेंगे।

—————————

लोकसभा चुनाव में मत प्रतिशत बढ़ाने के लिये विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इसी क्रम में गौतमबुद्ध नगर में सभी मल्टीप्लेक्स हाल्स और मॉल्स मं मतदाता जागरूकता वीडियो क्लिप्स चलाई जा रही है। वहीं नोएडा, ग्रेटर नोएडा और विकास प्राधिकरण के जरिये राष्ट्रीय राजमार्ग, सड़कों पर लगी एलईडी स्क्रीन पर वोटरों से मतदान में प्रतिभाग करने का आह्वान कर रही है। संसदीय क्षेत्र में सभी शिक्षण संस्थाएं अभिभावकों के साथ मीटिंग कर रही है और हस्ताक्षर अभियान का क्रम भी जारी है। वहीं परिवहन विभाग स्कूली बसों, ऑटो रिक्शा और परिवहन बसों में पोस्टर और बैनर के जरिये मतदाताओं को जागरूक कर रहा है। ग्रामीण और शहरी इलाकों में नेहरू युवा केन्द्र नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता अभियान चला रहा है।

उधर, चंदौली जिले के पंचफेड़वा स्थित एसआरबीएस कॉलेज में नेहरू युवा केंद्र द्वारा युवा संसद कार्यक्रम के साथ–साथ रंगोली, पोस्टर और वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से स्कूली बच्चों ने लोगों को मतदान के महत्व के बारे में जागरूक किया।

इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी निखिल टी. फ़ंडे ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि अधिक मतदान से लोकतंत्र को और ज्यादा मजबूती

मिलेगी। उन्होंने 18 साल से ज्यादा आयु की छात्राओं से अपना नाम वोटर लिस्ट में दर्ज कराने का आह्वान भी किया। कार्यक्रम में लोगों को मतदान करने की शपथ भी दिलाई।

———————

लोकसभा चुनाव इस बार सात चरणों में कराये जायेंगे। देश में सबसे ज्यादा जनसंख्या और सबसे अधिक लोकसभा सीटों वाला राज्य उत्तर प्रदेश भी उन राज्यों में शामिल है जहां सातों चरणों में चुनाव होने हैं।

एक रिपोर्ट.........

*उत्तर प्रदेश में 80 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र हैं, जो देश में सबसे अधिक हैं। इसी वजह से देश की राजनीति, खासतौर पर केंद्र की सत्ता के लिहाज से उत्तर प्रदेश सबसे महत्वपूर्ण राज्य है। प्रदेश में इस समय योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य में भाजपा की सरकार है। अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली समाजवादी पार्टी, मायावती की बहुजन समाज पार्टी, कांग्रेस और जयंत चौधरी की राष्ट्रीय लोकदल भी राज्य के महत्वपूर्ण राजनीतिक दल हैं। इस बार के चुनाव के लिए बीजेपी, सपा, बसपा और कांग्रेस ने तैयारी पूरी कर ली है। प्रदेश में मुख्य मुकाबला भाजपा और सपा–कांग्रेस गठबंधन के बीच है। इसमें रालोद भाजपा के साथ गठबंधन में है। 2 मार्च को ही भाजपा ने 51 नाम की पहली सूची जारी कर दी थी। आकाशवाणी समाचार के लिए लखनऊ से सुशील चंद्र तिवारी।*

———————

समाजवादी पार्टी ने प्रदेश के तीन सीटों पर होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। समाजवादी पार्टी ने शाहजहांपुर की ददरौल सीट से

पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा, बलरामपुर जिले के गैंसड़ी से राकेश यादव और सोनभद्र की दुद्धी सीट से पूर्व विधायक विजय सिंह गोंड को चुनाव मैदान में उतारा है।

—————————

बहुजन समाज पार्टी ने श्रावस्ती से पार्टी सांसद राम शिरोमणि को अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त पाये जाने पर निष्कासित कर दिया है। पिछली बार बसपा के टिकट पर लोकसभा चुनाव जीतने वाले राम शिरोमणि को अब पार्टी अपना उम्मीदवार नहीं बनायेगी।

—————————

अपना दल कमेरावादी के बाद जनवादी पार्टी सोशलिस्ट ने समाजवादी पार्टी से नाता तोड़ लिया है। गठबंधन से अलग होने के फैसले की घोषणा करते हुए जनवादी पाटी सोशलिस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय चौहान ने कहा कि गठबंधन खत्म करने का यह कदम समाजवादी पार्टी के साथ सीटों के बंटवारे पर मतभेद होने की वजह से उठाया गया है। श्री चौहान ने कहा कि अब उनकी पार्टी प्रदेश की 11 सीटों पर चुनाव लड़ने के लिये स्वतंत्र है। जनवादी पार्टी सोशलिस्ट ने 2022 में विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ा था, लेकिन एक भी सीट जीत नहीं सकी थी।

—————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट एन0आई0सी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

—————————

प्रदेश में रंगों का त्यौहार होली के अवसर पर प्रदेशवासियों को निर्बाध बिजली आपूर्ति की जायेगीं। उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन के अध्यक्ष आशीष गोयल ने राज्य के पांचों डिस्कॉम को कटौती मुक्त और ट्रिपिंग विहीन बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। इस दौरान प्रदेश में 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जायेगी। श्री गोयल ने डिस्कॉम के प्रबंध निदेशकों और मुख्य अभियंताओं सहित विद्युत निगम के अधिकारियों को होली के बाद भी राज्य में निर्धारित शेड्यूल के मुताबिक बिजली आपूर्ति का निर्देश दिया है। ग्रामीण क्षेत्रों में जहां 18 घंटे बिजली आपूर्ति तय की गई है, वहीं जिला मुख्यालयों के लिये 24 घंटे आपूर्ति निर्धारित है। बुन्देलखंड के सभी सात जिलों में ग्रामीण इलाकों में बीस घंटे बिजली सप्लाई तय

की गई है। इन सभी क्षेत्रों में निर्धारित शेड्यूल के अनुरूप लोगों को बिजली दी जा रही है।

———————

प्रदेश के अलग–अलग हिस्सों में होली का उल्लास चरम पर है। बाजारों में भी होली की रौनक दिखाई दे रही है। हमीरपुर, कासगंज, देवरिया, वाराणसी, मथुरा सहित कई जिलों में अलग–अलग ढंग से होली मनाये जाने का क्रम जारी है। रामपुर जिले में आज अखिल भारतीय मुस्लिम महासंघ ने अम्बेडकर पार्क में फूलों की होली का आयोजन किया। इसमें सभी सम्प्रदाय के लोगों ने हिस्सा लिया। संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष फरहत अली खां ने कहा कि फूलों की होली खेलने की परम्परा हमें सूफी संतों से मिली है। उन्होंने कहा कि होली ही ऐसा पर्व है जो अलग–अलग रंगों को एक रंग में रंग देता है।

वहीं पीलीभीत जिले के माधाटांडा में महिलाओं की विशेष होली महिला सशक्तिकरण का एक अद्भुत उदाहरण बनी हुई है। एक रिपोर्ट......

*माधोटांडा में एक दिन की होली महिलाओं के नाम होती है। पूरे दिन महिला मंडल स्वतंत्र होकर होली खेलता है। जो भी पुरुष मिलते हैं उन्हें खूब रंगा जाता है। इससे डरकर पुरुष घरों से चले जाते हैं। बताते हैं कि पुराने समय में महिलाओं की टोली अंग्रेज अफसरों को भी घेरकर रंग देती थी। कई बार उनसे फगुआ यानी होली का नेग भी महिलाओं द्वारा वसूला जाता था। यहां की होली महिला सशक्तिकरण की मिसाल बनती जा रही है और नई पीढ़ी भी इसे पसंद करती है। इस बार 26 मार्च को गांव के ठाकुरद्वारा मंदिर में महिलाएं होली*

*खेलेंगी। जिसकी तैयारियां की जा रहीं हैं। सतीश मिश्र आकाशवाणी समाचार, पीलीभीत।*

———————

उत्तर भारत का सुप्रसिद्ध पूर्णागिरी देवी मेला 26 मार्च से शुरू हो रहा है। यह मेला 82 दिनों तक जारी रहेगा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम 26 मार्च से टनकपुर–बरेली के बीच 20 नई बसें पीलीभीत से चलायेगा। इसके अलावा पीलीभीत–टनकपुर के बीच पहले से चल रहीं पांच बसों के फेरे भी बढ़ाये जायेंगे। उत्तराखंड के टनकपुर में लगने वाले इस मेले में मां पूर्णागिरी के दर्शन क लिये देशभर से लाखों श्रद्धालु रेलगाड़ियों, बसों और निजी वाहनों से पहुंचते हैं। रेलवे द्वारा मेला स्पेशल गाड़ियों का संचालन भी लोगों की सुविधा के लिये किया जाता है।

———————

आज पूरे देश में शहीद–ए–आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव का शहीदी दिवस मनाया जा रहा है। लाहौर षड्यंत्र मामले में वर्ष उन्नीस सौ इकतीस में आज ही के दिन तीनों क्रांतिकारियों को फांसी दी गयी थी। प्रदेश के जौनपुर जिले के कलक्ट्रेट परिसर स्थित क्रांति स्तंभ पर मोमबत्ती और अगरबत्ती जला कर तीनों क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस मौके पर हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी और लक्ष्मीबाई ब्रिगेड के

कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने दो मिनट का मौन रखा और उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

(समाप्त)

ब्रेक